


सत्य की उडान

# अलग पहचान



रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, मंगलवार 07 मई 2024, वर्ष 10, अंक 123 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# जेल से निकले हेमंत सोरेन... पुलिस कस्टडी में चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने पहुंचे

**ब्यूरो**, रांची।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले हैं। वह अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने रामगढ़ के नेमरा गांव पहुंचे हुए हैं। पूर्व कुछ अलग अंदाज में दिखे। उनका नया लुक सामने आया, जो काफी हद तक उनके पिता शिबू सोरेन जैसा है। हेमंत सोरेन ने यहां पहुंचकर अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। मां रूपी सोरेन भावुक हो गईं। हाई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में इस कार्यक्रम में







शामिल होने की अनुमति प्रदान की है।श्राद्ध कर्म में शामिल होने के बाद पुनः बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार जाएंगे। हेमंत सोरेन की ओर से एक दिन की औपबंधिक जमानत मांगी गई थी, जिस पर हाई कोर्ट ने अनुमति नहीं प्रदान की।कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में शामिल होने की छूट प्रदान की और इस दौरान मीडिया से दूर रहने का निर्देश दिया। रांची के बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी की रात को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

**रांची**।झारखंड कि राजधानी रांची की आध्या बुधिया का चयन 31st एशियाई जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआं । इस्लामाबाद पाकिस्तान में 25 जून से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में आद्या बुधिया भारत का प्रतिनिधित्व करेगी जो 25 से 29 जून तक चलेगा। गर्ल्स अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी आध्या बुधिया ने इसके लिए एशियाई जूनियर इंडिविजुअल ट्रायल सेलेक्शन में भाग लिया जो दिनांक 2 से 5 मेंई तक चला, गर्ल्स अंडर 13 में टॉप 7 खिलाड़ियों को ट्रायल सेलेक्शन में बुलाया गया था। जिसमें आध्या बुधिया ने अपनी अच्छी परफॉर्मेंस करते हुए टॉप 1



में स्थान प्राप्त की । आध्या झारखंड बिशप वेस्टकोट गर्ल्स नामकुम रांची से अपनी पढ़ाई कर रही है और क्रास कोर्ट स्क्वैश क्लब की खिलाड़ी है जहां से वह स्क्वैश की ट्रेनिंग ले रही है। उनके कोच पुनीत पारीक नितेश पाल विजय उरांव उदय चंद्र राय और श्वेता बुधिया ने बधाई दी।

## ईडी की जांच की आंच अब मंत्री आलमगीर आलम तक

**रांची।**ईडी की जांच की आंच से झाखंषड के एक और मंत्री आलमगीर आलम तक जा पहुंची हाथ । झारखंड सरकार के ग्रामीण मंत्री आलमगीर

आलम के सरकारी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर से मोटी रकम मिली है। नोटों के बंडल गिनने के लिए मशीन लाई गई। वहीं 12 बडे-बडे बक्से मंगाये गये। संजीव लाल के एक करीबी मुन्ना सिंह के घर से भी करोडों रुपये मिले हैं। मुन्ना सिंह के कई रियल स्टेट के प्रोजेक्ट राजधानी रांची के पीपी कंपाउंड में चल रहे हैं। मुन्ना सिंह के कई किस्से हैं। इसके गहरे ताल्लुकात एक होटल के बडे व्यापारी से भी



है। सूत्रों का दावा है कि अगर ईडी तह तक गई तो मुन्ना सिंह के बारे में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आ सकती है। संजीव लाल के नौकर के घर से मिले करोडों रुपये की गिनती पूरी नहीं हो सकी है। अब तक कितने रुपये मिले इसका ईडी के तरफ कोई बयान सामने नहीं आया है। चर्चा 25-30 करोड रुपये मिलने की है। इससे पहले कांग्रेसी नेता धीरज साहू के ठिकानों ने करोडों रुपये मिले थे। इस बीच झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने मीडिया से कहा कि संजीव लाल पहले से ही दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। ईडी की जांच पूरी होने से पहले कुछ भी बोलना जल्दबाजी होगी।

# भारतीय सेना ने जारी किए दो आतंकियों के स्केच, 20 लाख का इनाम घोषित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षाबलों का सर्च अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। भारतीय सेना ने दो आतंकियों के स्केच जारी किए हैं और उन पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।खुफिया एजेंसियों का मानना है कि पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकवादी अबू हमजा के नेतृत्व में आतंकवादियों के एक समूह ने किया था। अधिकारियों ने बताया कि एके असॉल्ट राइफलों




के अलावा आतंकवादियों ने अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया है।गौरतलब है कि पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शनिवार शाम घात लगाकर एयरफोर्स के काफिले पर आतंकियों की ओर से किए गए हमले में एक जवान बलिदान हो गया था जबकि चार अन्य घायल हैं। सोमवार को भी घायल जवानों का उपचार अस्पताल में जारी है। काफिले में शामिल दो वाहनों में से एक को आतंकियों ने निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थीं।आतंकवादियों की तलाश में सोमवार को भी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जगह-जगह नाके लगा रखे हैं और हर एक इलाके में तलाशी अभियान जारी है। समाचार लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी था।



झारखंड के ग्रामीण मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव का नौकर के घर से निकला नोटों का अंबार

## प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अगर एक रुपया भी भेजूंगा तो भी किसी को खाने नहीं दूंगा जो खाएगा उसे जेल जाना ही पड़ेगा, जेल की रोटी चबानी पड़ेगी

**उड़ीसा।**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को ओडिशा के नबरंगपुर में रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में ईडी की छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कैश बरामदगी का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अगर एक रुपया भी भेजूंगा तो भी किसी को खाने नहीं दूंगा। जो खाएगा वह उसे जेल जाना ही पड़ेगा। उसे जेल की रोटी चबानी पड़ेगी। आज घर जाआगो तो टीवी पर देखना ओडिशा के पड़ोस में ही नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। मोदी माल पकड़ रहा है और वहां चोरी बंद कर दी है। अब ये लोग मोदी को गाली देंगे या नहीं। ऐसे में गाली खाकर भी मुझे आपके हित के लिए काम



करना चाहिए या नहीं। आप लोगों के हक का पैसा बचाना चाहिए या नहीं।

झारखंड में ईडी ने की छापेमारी: सोमवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने झारखंड टेंडर कमीशन घोटाले में 6 जगहों पर छापेमारी की गई। ईडी अधिकारियों की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर पहुंची। वहां ईडी के अधिकारी नोटों का ढेर देखकर दंग रह गए। सुबह 9 बजे के आसपास ही करीब 20 से 30 करोड़ रुपए की बरामदगी हुई थी। इसके बाद भी नोटों की गिनती जारी थी। इतनी बड़ी संख्या में मिले नोटों की गिनती करने के लिए ईडी अफसरों ने मशीने मंगाई।

बीजेपी सरकार आई तो धान खरीद की कीमत बढ़ाएंगे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ महज 50 से 60 किलोमीटर की दूरी पर है। छत्तीसगढ़ में बीजपी की सरकार 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत पर धान खरीदती है। जबकि यहां ओडिशा में एक क्विंटल धान के लिए मात्र 21,00 रुपए की कीमत दी जाती है। ओडिशा भाजपा ने ऐलान किया है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के दूसरे दिन से ही ओडिशा में 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत से धान खरीदी की जाएगी।

बीजेडी के छोटे छोटे नेता के बड़े-बड़े बंगले हो गए हैं

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बेहरामपुर में रैली को संबोधित किया। मंच से प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल की सरकार पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले कांग्रेस और बीजेडी की नेताओं की लूट से ओडिशा का विकास नहीं हुआ। ओडिशा में बीजेडी के छोटे छोटे नेता के भी बड़े बड़े बंगले हो गए हैं। भाजपा ओडिशा के लिए नई उम्मीदों का सूरज बनकर आई है। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा को लेकर आशवस्त है। इतना अमीर ओडिशा आखिर पीछे क्यों रह गया?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ओडिशा में पहले करीब 50 साल और फिर 25 साल से बीजेडी सरकार रही है। लेकिन हुआ क्या? ओडिश के पास भरपूर पानी है, ऊपजाऊ जमीन है, जमीन के नीचे खनिज का खजाना भी है, लंबा समुद्री तट भी है, बेहरामपुर सिटी जैसा ट्रेड सेंटर भी है, इतिहास है और सांस्कृतिक धरोहर भी है। ओडिशा के पास सब कुछ है। ओडिशा को परमात्मा ने सबकुछ दिया है। फिर ऐसा क्या हुआ कि इतने अमीर ओड़िशा गरीब क्यों रह गई।

: बीजेपी को जहां भी शासन का मौका मिला विकास हुआ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीजेपी की पहचान सुशासन है। इसलिए बीजेपी को जहां भी शासन का मौका मिलता है, उस राज्य का विकास गति पकड़ लेता है। मैं आपको त्रिपुरा का उदाहरण देता हूं। त्रिपुरा में 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस सरकार ने तबाह कर दिया। साल 2018 वहां के लोगों ने बीजेपी को जिताया। सारे एमएलए नए थे। किसी को भी अनुभव नहीं था। जैसे ओडिशा में है। पांच साल में बीजेपी ने इतना काम किया कि लोगों ने दोबारा जीत दिला दी। उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था को लेकर बदनाम था। योगी जी मुख्यमंत्री बने और अब यूपी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार बनने के बाद तेजी से विकास होगा। ये मोदी की गारंटी है।

## जहांगीर के फ्लैट से मिले ट्रांसफर-पोस्टिंग के सबूत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का प्रशंसा पत्र भी जब्त

**राज्य ब्यूरो**, रांची। मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर के हरमू रोड स्थित फ्लैट से ट्रांसफर-पोस्टिंग संबंधित कागजात मिले हैं।प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का अनुशंसा पत्र भी ईडी को मिला है, जिसकी देर रात तक छानबीन चलती रही। ईडी ने सभी कागजात को जब्त कर लिया है।जब्त कागजात में 23 जून 2023 के पत्र का जिक्र

जब्त कागजात में 23 जून 2023 के एक पत्र का जिक्र है, जिसमें हजारीबाग के कटकमदाग की प्रखंड विकास पदाधिकारी शालिनी खलखो को हजारीबाग से कहीं दूर भेजने के लिए लिखा गया है। लिखा गया है कि उन्हें हटाना जरूरी है। उसी पन्ने पर नीचे राजेश ठाकुर पीसीसी



लिखा हुआ है।

ट्रांसफर पोस्टिंग के अन्य कागजात में गोड्डा के पोड़ैयाहाट बीडीओ महेश्वरी प्रसाद को यथावत रखने, गोड्डा के कार्यपालक दंडाधिकारी एजाज आलम की सेवा ग्रामीण विकास विभाग से दुमका के सरैयाहाट बीडीओ के पद पर करने की अनुशंसा की गई है।

इसी तरह जेपीएससी द्वितीय बैच की तीन अगस्त 2020 से जरमुंडी बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू को बीडीओ गोड्डा सदर करने की अनुशंसा हुई है। यह भी लिखा गया है कि देवघर के देवीपुर बीडीओ के पद पर किसी ओबीसी, एसटी या एससी की पोस्टिंग करनी है।

सरकार से की गई ईडी की अनुशंसा संबंधित पत्र भी बरामद

जहांगीर के आवास से ईडी ने वह पत्र भी बरामद किया है, जिसे ईडी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को लिखा था। वह पत्र ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम व अन्य के विरुद्ध छानबीन में मिले तथ्यों से संबंधित था।

ईडी ने छानबीन में मिले तथ्यों से राज्य सरकार को अवगत कराने के लिए मुख्य सचिव को भेजा था, ताकि टेंडर कमीशन घोटाले में संलिप्त अधिकारियों पर सरकार के स्तर से कार्रवाई हो सके।

मुख्य सचिव से वह पत्र ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को भेजा गया था। वही पत्र सोमवार को ईडी की छापेमारी में जहांगीर के फ्लैट से मिला। अब ईडी का संदेह पुख्ता हो गया है कि इस खेल में बड़े-बड़े अधिकारियों से लेकर नेताओं तक की मिलीभगत है। सभी बिंदुओं पर ईडी की छानबीन जारी है।

## झारखंड में लोकसभा चुनाव के बीच प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने झारखंड के रांची में बड़ी कार्रवाई की है

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव के बीच प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने झारखंड के रांची में बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड के टेंडर घोटाले और मनी लॉड्रिंग को लेकर ईडी ने छह जगहों पर छापेमारी की। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पसर्नल सेक्रेट्री संजीव लाल के नौकर समेत वीरेंद्र राम के करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी। छापेमारी में ईडी की टीम को कमरे में नोटों का अंबार मिला।

ईडी की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी के घरेलू नौकर संजीव लाल के घर पर पहुंची। यहां कमरों में नोटों का ढेर देखकर अफसर दंग रह गए। सुबह 9:30 बजे तक 30 करोड़ रुपये से अधिक की गिनती हो चुकी थी। गिनती अभी भी जारी है। ईडी की टीम सेल सिटी समेत कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। टेंडर कमीशन घोटाले के मामले में मुख्य अभियंता वीरेंद्र



राम को निलंबित किया जा चुका है। इसी मामले में ईडी ने जांच को आगे बढ़ाते हुए अब उसके सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मारा है।एएनआई के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने रांची में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर ईडी ने फरवरी 2023 में योजना कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मामला दर्ज किया था। इसके बाद वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया गया था। वीरेंद्र राम को टेंडर में कमीशन घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 22 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 21 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र से जुड़े 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इन छापों के दौरान करीब 1.5 करोड़ रुपये के गहने और देशभर में महत्वपूर्ण निवेश से जुड़े दस्तावेज मिले थे। ईडी के आरोप पत्र में निविदाओं को किस प्रकार मैनेज कर अवैध ढंग से कमाई की जाती थी, इसका पूरा विवरण दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि घोटाले की रकम में से किस शख्स को कितना हिस्सा दिया जाता था। वीरेंद्र राम ने आयकर रिटर्न में गलत जानकारी देने की बात ईडी के सामने कबूल कर ली है। जांच से पता चला कि 2014-15 और 2018-19 के बीच वीरेंद्र राम के खाते में 9.30 करोड़ रुपए थे। साथ ही दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच उनके खाते में 4.50 करोड़ रुपए थे जो उनकी जीवन भर की कमाई से अधिक थी। वह अक्सर अपने चचेरे भाई आलोक रंजन के साथ बड़ी रकम लेकर दिल्ली जाता था, जिसे सीए मुकेश मित्तल को सौंप दिया जाता था। ईडी पहले ही राम की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

# एसएसपी द्वारा पत्रकार से दुर्व्यवहार खिलाफ झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

**रांची:** गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य और नक्षत्र टीवी के सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान सौरव शुक्ला न्यूज़ कवरेज कर रहे थे उस दौरान एसएसपी ने दुर्व्यवहार करते हुए उनकी माइक आईडी छीन ली थी। इस घटना की कडी भर्त्सना करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह और झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रविकुमार से मुलाकात कर और उनसे कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा की विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी



द्वारा किया गया दुर्व्यवहार दुर्भाग्य जनक है, जिसकी प्रेस क्लब कड़ी निंदा करता है और झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी मांग करता है कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर गौर करते हुए डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, कलब के पूर्व सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और अमन मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।



**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जितनी आबादी, उतनी हिस्सेदारी कांग्रेस पार्टी देगी। महिलाओं को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा। पहले और दूसरे फेज के चुनाव में भाजपा दूर तलक नहीं दिख रही है। अब झारखंड की बारी है। झारखंड की जनता भी मत देकर फैसला सुनायेगी। बाहरी लोगों को जनता इस बार भगायेगी। खोखले नारों के पीछे बाहर के लोग नुमाइंदगी कर रहे हैं। इसी कारण लोग आपके मामले को नहीं उठाते हैं।

## अलर्ट : इन जिलों में 1 घंटें में आंधी और वज्रपात संभव

**रांची** : झारखंड के कई जिलों के लिए तात्कालिक अलर्ट जारी किया गया है। इसके अनुसार अगले कुछ घंटें में यहां के कई इलाकों में वज्रपात होने के साथ आंधी चलने की आशंका है। कई जगह बारिश हो सकती है। रांची मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है।

**चलेगी तेज हवा**

मौसम केंद्र के अनुसार कुछ स्थानों पर तेज गति से हवा चलने की आशंका है। इसकी स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है।

**इन जिलों में असर**

मौसम केंद्र के मुताबिक इसका प्रभाव देवघर, जामताड़ा, पश्चिम सिंहभूम, बोकारो, चतरा, धनबाद, गुमला,




रामगढ़, सिमडेगा, गिरिडीह, कोडरमा, खूंटी, रांची, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा।

**इसका रखें ख्याल**

अलर्ट को देखते हुए सतर्क और सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें। पेड़ के नीचे खड़ा नहीं रहें। बिजली के पोल से दूर रहें। किसान अपने खेत में नहीं जाएं। मौसम सामान्य होने का इंतजार करें। बिजली के उपकरणों का उपयोग नहीं करें।

## नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए मैदान में बचे 54 प्रत्याशी

- गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में 11 उम्मीदवार आजमाएंगे भाग्य | • छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 ने किया नामांकन |
- चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीः के. रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। वहीं हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है।



यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिला में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर #MainBhiElection Ambassador हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

## रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों किया नामांकन* नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 16 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

**07 मई 2024 को होगी स्क्रूटनी**
**09 मई 2024 तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे अपने नाम**

08-रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आज दिनांक 06 मई 2024 को 16 अभ्यर्थियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। सभी अभ्यर्थियो द्वारा जिला निर्वाची पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया।

आज दिनांक 06 मई को नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं:-

1. यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2. प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
3. सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी
4. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)
5. कोलेश्वर महतो, निर्दलीय
6. विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
7. संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय।
8. अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा।
9. ऐनुल अंसारी, निर्दलीय।
10. संदीप उरांव, निर्दलीय।
11. श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी (पी)।
12. संजय कुमार महतो, निर्दलीय।





13. हेमंती देवी, समता पार्टी
14. प्रेमनाथ बडाई, निर्दलीय।
15. मंजू देवी, निर्दलीय।
16. सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी।

दिनांक 06 मई से पहले नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं:-

1. मिंटू पासवान
2. रामहरि गोप
3. अरशद अयूब, निर्दलीय
4. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
5. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी
6. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा) 7. अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।
8. धनंजय भगत "गाँधी", मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।9. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।
10. मनोज कुमार, निर्दलीय।
11. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी।
12. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा।
13. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
14. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
15. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
16. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
17. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल।

07 मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे नाम

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 07 मई 2024 को होगी। अभ्यर्थी 09 मई 2024 तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

## जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होगा आसान, रांची पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर 9153886241

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संदेश जारी कर कहा है कि रांची में भूमि माफिया के अवैध कब्जे को रोकने के लिए रांची पुलिस तत्पर है। इसके लिए 24 घंटे कार्य करनेवाला एक हेल्पलाइन नंबर 9153886241 जारी किया गया है। एसएसपी ने कहा कि रांची पुलिस के सामने भूमि विवाद के मामले लगातार आते रहते हैं।

यूं तो भूमि विवाद के मामले में कानूनी कार्यवाई अपेक्षित है या नहीं, इसपर निर्णय लेने से पहले दोनों पक्ष के कागजातों को देखना अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन कुछेक मामलों में अचानक ही कोई भूमि दलाल या जमीन माफिया किसी की जमीन का अवैध कब्जा करना




चाहता है और उस समय तुरंत जमीन का कागजात दिखाना भी संभव नहीं होता है। ऐसे अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने के लिए रांची पुलिस एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है। जब कोई भूमाफिया अवैध ढंग से अचानक कब्जा करना चाहे, तो पीडित व्यक्ति रांची पुलिस को सहायता के लिए इस नंबर पर कॉल अवश्य करे। रांची पुलिस पीडित व्यक्ति का सहयोग अवश्य करेगी।

## हर साख पे आलमगीर बैठा है, अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची पहुंचे। तरुण चुग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकदी बरामद हो रहे हैं।



तरुण ने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। साथ ही कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

इससे पूर्व अरुण ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्रों पलामू, सिंहभूम, खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह उपस्थित थे।

## मोदी सरकार का साफ कहना है कि न खायेंगे और न ही खाने देंगे दीपक प्रकाश

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में नोटों के पहाड मिलने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि करोडों रुपये का मिलना, यह साफ इंगित करता है कि यह पैसा मंत्रियों और अधिकारियों के हैं।

सबके गंठजोड से झारखंड के गरीब, आदिवासी, दलित और पिछडों की विकास के पैसों की लूट की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने झामुमो, कांग्रेस और राजद को सेवा करने के लिए सत्ता सौंपी थी, लेकिन इन दलों की सरकार ने



झारखंड को लूट खंड बनाने का काम किया है और एक बार फिर कांग्रेस के मंत्री के भ्रष्टाचार से बना नोटों का पहाड सामने आया है। कहा कि देश में मोदी जी के नेतृत्व में ईमानदार सरकार चल रही है। मोदी सरकार का साफ कहना है कि न खायेंगे और न ही खाने देंगे। जो भ्रष्टाचार करेगा, गरीबों के विकास के पैसे को अपनी तिजोरी में भरेगा, वह जेल जायेगा। उससे पैसा वापस लिया जायेगा।

## मतदाता जागरुकता के लिए एसवीईईपी के तहत सोशल मीडिया अभियान सात मई को

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवे, छठे और सांतवे चरण में मतदान होना है। चुनाव में मतदाता जागरुकता के लिए सात मई को संध्या छह बजे से आठ बजे तक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान चलाया जाएगा। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा (एसवीईईपी) के तहत इस अभियान का संचालन होगा। इसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षक, छात्र और एसएमसी सदस्य शामिल होंगे।

अभियान के तहत स्कूलों में पूर्व से संचालित की जा रही विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से संबंधित तस्वीरें, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग्स आदि # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान के अंतर्गत पोस्ट की जाएंगी। साथ ही सभी विद्यालयों में अपील पत्र, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैज मेकिंग, कार्टून मेकिंग, अभिभावकों-पडोसियों के साथ सेल्फी, रंगोली मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का




आयोजन होगा, जिसे सोशल मीडिया अभियान के तहत अपलोड किया जाएगा।

इसके अलावा प्रतिदिन स्कूलों में मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है। बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

**स्कूलों में स्थापित किया गया 'लोकतंत्र कक्ष'**

राज्य के हाई स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब बनाया गया है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में 'लोकतंत्र कक्ष' की स्थापना की गयी है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुडे चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीने आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है।

बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते है। इस कक्ष में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में भी बच्चे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस क्लब के माध्यम से अभिभावकों को चुनावी तिथियों की जानकारी तो दी ही जा रही है। साथ ही उनकी वोटर पर्ची, मतदाता पहचान पत्र, बूथ संख्या आदि से जुडे शंकाओं को भी दूर किया जा रहा है।

**लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन**

मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए लगातार चुनाव से संबंधित रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन मेकिंग, वाल पेंटिंग, स्पीच आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। स्कूली बच्चे लगातार इन प्रतियोगिताओ में भाग लेकर पाठ्येत्तर कौशल को विकसित कर रहे हैं। साथ ही चुनाव को लेकर उनकी दिलचस्पी और उत्साह भी बढ रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कई विद्यालयों को वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत सम्मानित भी किया गया है।

अलग पहचान



# जूनियर डॉक्टरों पर नकेल कसने की तैयारी में अस्पताल रिम्स

**संवाददाता**, रांची। रिम्स अस्पताल में एक ओर सीनियर डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस को रोकने के लिए प्रबंधन कई स्तर पर तैयारी कर रहा है। इसी बीच अब कई जूनियर डॉक्टरों के निजी अस्पतालों में काम करने की शिकायत मिली है।प्रबंधन को मिली शिकायत के अनुसार, रिम्स में ड्यूटी के वक्त कई जूनियर डॉक्टर गायब रहते हैं और उनकी जगह दूसरे डॉक्टर काम करते हैं। इस बीच ये जूनियर डॉक्टर दूसरे निजी अस्पतालों में जाकर मरीजों का इलाज करते हैं और इसके लिए वहां से मोटी रकम वसूलते हैं।निदेशक डा. राजकुमार ने बताया कि ये डॉक्टर दोनों जगहों से वेतन उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इन डॉक्टरों का सीखने का समय है। लेकिन वे पैसा कमाने में लग




गए हैं। उन्होंने कहा कि पता लगने पर ऐसे डाक्टर पर वे कड़ी कार्रवाई करेंगे।ऐसे डाक्टरों को चिन्हित करने के लिए प्रबंधन ने टीम और पकड़ने के लिए रणनीति बनायी गई है। ड्यूटी आवर में अनुपस्थित पाए जाने पर टीम हरकत में आएगी और अपने स्तर से जांच कर रिपोर्ट करेगी।
निदेशक के अनुसार प्रबंधन रिम्स में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डाक्टरों को नियमों के अंदर काम करना होगा। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो दूसरी बहाली की जाएगी।रिम्स प्रबंधन ने सभी जूनियर डाक्टरों को आइकार्ड सहित नेम प्लेट के साथ एप्रन पहना अनिवार्य किया है। पकड़े जाने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई है। निदेशक ने बताया कि इसके गलत तरह से ड्यूटी करने वाले जूनियर डाक्टरों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

प्रबंधन ने जूनियर डाक्टरों की मनमानी देखते हुए कड़े निर्देश दिए थे, जिसके बाद कुछ जूनियर डाक्टरों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया था, लेकिन विरोध का कोई स्पष्ट जवाब इनके पास नहीं था।

## इंडी गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से रुपये बरामद हुए हैं, झारखंड को फिर से शर्मसार किया है:संजय सेठ

**रांची।** झारखंड की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त सांसद संजय सेठ ने कहा कि जिस प्रकार इंडी गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपये बरामद हुए हैं, यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्रिंग के केस में जेल में हैं। मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के यहां 30 करोड से अधिक नकदी बरामद होती है।
सांसद सेठ ने कहा कि झारखंड इकलौता राज्य है, जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनायी



जाती है। 2 साल पहले ही देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखी थी, देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है। झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना। सेना की जमीन लूटी। खनिज संपदा को लूटा, और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली। वहीं एक ओर नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा हैं, जिन्होंने अभी तक 25 करोड लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया।
इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है। सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अविलंब गिरफ्तार किया जाये। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंहतोड जवाब देगी। जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।

## *एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी, अकाउंटेंसी टीम, एमसीसी, सी-विजील एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक*

**MCMC कोषांग/ मिडिया कोषांग का निरीक्षण**

**ओरमांझी, चेक पोस्ट एवं अन्य चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण**

**व्यय पर्यवेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बैठक,MCMC कोषांग/ मिडिया कोषांग का निरीक्षण, ओरमांझी, चेक पोस्ट एवं अन्य चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण**

रांची जिला हेतु व्यय पर्यवेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक-06 मई 2024 को राज्य अतिथिशाला मोरहाबादी रांची
में सभी एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी, अकाउंटेंसी टीम, एमसीसी, सी-विजील एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक की गई।
व्यय पर्यवेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को अपने संबंधित कांस्टीट्यूएंसी के वीएसटी, वीवीटी, एफएसटी, एकाउंटिंग टीम के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रभावी तरीके से उम्मीदवार एवं पार्टी के व्यय पर सघन निगरानी रखने का निर्देश दिया है। शैडो रजिस्टर में दर्ज किए जा रहे हैं सभी आंकड़ों को विभिन्न टीमों से प्राप्त करने का निर्देश बैठक में दिया गया।
एमसीएमसी कोषांग से रंगीन विज्ञापनों, पोस्टर, पंपलेट इत्यादि के प्रकाशनों पर आने वाले व्यय की सूची प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।
व्यय पर्यवेक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्वीकृति प्राप्त की जा रही है उसकी सघन जांच विभिन्न टीमों के द्वारा की जाए एवं संबंधित कांस्टीट्यूएंसी के सहायक व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा





टीम के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्याशी का शैडो रजिस्टर संधारित किया जाए।

**MCMC कोषांग/ मिडिया कोषांग का निरीक्षण**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु MCMC/ मिडिया कोषांग का व्यय पर्यवेक्षक, श्री वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।
इस दौरान नोडल सह वरीय प्रभारी व्यय कोषांग रांची, श्री सज्जन कुमार पाण्डेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, जिला खेल पदाधिकारी रांची, श्री शिवेंद्र कुमार मौजूद थे।

**24×7 मॉनिटरिंग हेतु व्यवस्था का जायजा**

व्यय पर्यवेक्षक द्वारा MCMC कोषांग में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया (सूचना जनसंपर्क निदेशालय में सुचिबद्ध) 24×7 मॉनिटरिंग हेतु व्यवस्था का जायजा लिया।
किसी पार्टी या उम्मीदवार द्वारा पेड न्यूज एवं विज्ञापनों की निगरानी सही तरीके से करने के निर्देश व्यय पर्यवेक्षक, वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा MCMC कोषांग में प्रतिनिधि कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, ताकि किसी पार्टी या उम्मीदवार द्वारा पेड न्यूज एवं विज्ञापनों की निगरानी सही तरीके से की जा सके।
विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में प्रचार प्रसार हेतु प्रत्याशियों के लिए व्यय की एक सीमा निर्धारित की गई है, जिसका डाटा आय व्यय कोषांग को प्रतिदिन संग्रहीत करना होता है। इस कार्य को करने हेतु जिला स्तर पर MCMC कोषांग का गठन किया गया है।
24×7 लगातार मॉनिटरिंग
कोषांग का कार्य तीन पालियों में 24×7 लगातार मॉनिटरिंग करते हुए दैनिक प्रतिवेदन व्यय कोषांग को उपलब्ध कराना है। MCMC कोषांग के माध्यम से, सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय में सूचीबद्ध एवं अन्य अखबार/ ई अखबार एवं सोशल मीडिया के पोर्टल, वेब पोर्टल मैगजीन जैसे मीडिया माध्यमों के प्रकाशनों एवं पोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।
व्यय पर्यवेक्षक, वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निदेशित यह एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके लिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मनोयोग से काम करना होगा।
ओरमांझी, चेक पोस्ट एवं अन्य चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण आज व्यय प्रेक्षक, विरेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा ओरमांझी, चेक पोस्ट एवं अन्य चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान सभी वाहनों में शराब, नगदी एवं अन्य सामग्रियों की गहन जाँच की गयी। उन्होंने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को गहनता से जाँच करने का निर्देश दिया। उन्होंने सम्बंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा- निर्देश का पालन हो यह सुनिश्चित करें। जाँच के दौरान दण्डाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी एवं अन्य

## देश को बचाने के लिए आगे आयें: बंधु तिर्की



रांची। कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश को बचाने के लिए आगे आयें। दस साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोलकर सरकार चलायी। जुमलेबाज सरकार है। जनता इसे नकार चुकी है। गुमला की सभा में भी प्रधानमंत्री झूठ का पुलिंदा खोलकर चले गये। इस कारण बूथ को मजबूत करें, और हर हाल में मतदान करें। इस बार करो या मरो की स्थिति है।

## पहली कक्षा से नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया और कुरमाली की पढाई हो: राजेंद्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पहली कक्षा से नागपुरी, खारेठा, पंचपरगनिया, कुरमाली भाषा में पढाई हो। कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आदिवासी-मूलवासी की बात करते हैं, लेकिन जब मूलवासी यानी सदान के विकास या उनके भाषा को बढाने की बात आती है, तो वे इस पर विचार नहीं करते हैं।
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा 1 जून से जनजातीय भाषाओं की पढाई पहली कक्षा से प्रारंभ



करने की बात में रविवार को सिंहभूम के मझगांव में कही गयी थी। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री किसी जाति और धर्म विशेष का नहीं होता, मुख्यमंत्री को राज्य की संपूर्ण जनता के दुख-दर्द और राज्य की वास्तविकता को समझकर जनता की हितों में निर्णय लेना पडता है। मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य स्वागत किया। कहा कि इसके साथ-साथ सदानी भाषा यानी मूलवासी सदानों की भाषा नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया और कुरमाली भाषा की भी पढाई शुरू करायी जाये। राजेंद्र प्रसाद ने रामटहल चौधरी को सुझाव देते हुए कहा कि वे भाजपा में शामिल होने के बाद मूलवासी सदानों के अधिकारों के लिए भाजपा में मुखर हों।

## गौशाला न्यास के फिर से अध्यक्ष बने पुनीत पोद्दार

**रांची।** सोमवार को रांची गौशाला न्यास प्रांगण में सत्र 2023-26 की कार्यकारिणी पदाधिकारी का चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष पद के लिये पुनीत पोद्दार निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष के तौर पर रतन लाल जालान एवं एस एन राजगढिया, मंत्री के तौर पर प्रदीप राजगढिया, उप मंत्री सुरेश जैन एवं राजेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार सहित 31 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम चयनित की गई उसके पश्चात अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने सभा के समक्ष स्वागत भाषण दिया। आने वाले 3 वर्षों में किये जाने वाले कार्यों की



रूपरेखा सभा के समक्ष रखी। ट्रस्टी चेयरमैन एवं उपाध्यक्ष रतन जालान ने सभा के समक्ष सभी से आग्रह करते कहा कि अगले 3 साल हम सबको मिलकर कार्य करना है और गौशाला को नई ऊंचाईयों पर पहुंचना है। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रदीप राजगढिया ने दिया।

# डीसी ने प्याऊ का किया उद्घाटन, वोट करने की अपील

**रामगढ़**: झारखंड सेवा समिति की ओर से सोमवार को सुभाष चौक के निकट बढती गर्मी को देखते हुए एवं आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्याउ का उद्घाटन किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने की एवं इसका संचालन उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता व सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार मौजूद थे. उन्होंने प्याउ का उद्घाटन करते हुए झारखंड सेवा समिति की सराहना की. कहा कि इस प्याउ के आरंभ होने से बढती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बडी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो




सकेगा. कहा कि झारखंड सेवा समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें. इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है जो सराहनीय है. कहा वर्तमान समय में ऐसी ही पहल की जरूरत है क्योंकि इससे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा. वहीं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था प्याऊ का उद्घाटन प्रत्येक वर्ष करती है ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सके. मौके पर विनोद साव, राजेश प्रसाद, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, सरेंद्र ठाकुर, विजय मेवाड, जीतू अग्रवाल, मानू चतुर्वेदी, इंद्रपाल सिंह सैनी, अनूप कुमार बाबू साहब, श्याम सुंदर अग्रवाल, मनन साव, कैसर अली, टिकेश्वर महतो, शिव शंकर साव, शिव नंदन प्रसाद, संजय दांगी, नवनीत कुमार, सलमान कादिर आदि उपस्थित थे.

## सरकार ने झारखंड को चारागाह बना दिया: नायक

**रांची।** भाजपा, कांग्रेस, झामुमो ने झारखंडी जनता के विकास की राशि को दोनों हाथों से लूटने का कार्य कर झारखंड को चारागाह बनाने का काम किया है। उपरोक्त बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहीं। मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर इडी ने भारी नकदी बरामदगी पर कहा कि राज्य निर्माण के बाद इन 24 वर्षों में झारखंड में जिसकी भी सरकार रही है, सभी ने झारखंड की जनता के विकास की राशि को दोनों हाथों से लूटने का काम किया। झारखंड की जनता को बुनियादी और आधारभूत संरचनाओं से दूर रखा है।
इस कारण ही झारखंडी समाज का विकास और बुनियादी



समस्याओं का समाधान 24 वर्षों में भी नहीं हो सका है। जनता से अपील की कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को वोट न देकर जमीनी उम्मीदवारों को वोट देकर भारी मतों से विजय बनायें।

## गिरिडीह के इंडिया प्रत्याशी के नामांकन सभा में शामिल हुए जय प्रकाश भाई पटेल

## झारखण्ड के सभी लोकसभा सीट पर जीतेगी इण्डिया : जय प्रकाश भाई पटेल*

दारू: हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल सोमवार को गिरिडीह के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन सभा में शामिल हुए. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता समेत इंडिया गठबंधन के कई कद्दावर नेता उपस्थित रहे. नामांकन रैली के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का जनसैलाब पडा. सभी गठबंधन के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगा रहे थे. खराब मौसम की चेतावनी के बावजूद समर्थकों के सैलाब को देख मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद को उनकी तारीफ करने



से रोक नहीं पाए. जय प्रकाश भाई पटेल ने भी मंच पर संबोधन करते हुए उनके जज्बे को सलाम किया. उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब आने वाले जनादेश को साक्षात कर रहा है. कहा, उनकी (कार्यकर्ता एवं समर्थक) बदौलत ही आज इंडिया अलायन्स दमनकारी सरकार से लडाई लड रही है. इसका फल हमें बहुत जल्द मिलने वाला है. झारखण्ड के सभी 14 सीटों पर इण्डिया अलायन्स भारी मतों से जितने वाली है. जनसभा के बाद श्री पटेल रामगढ के गोला प्रखंड पहुंच जनसंपर्क अभियान चलाया.
जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बना गुप्ता, प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, बेबी देवी, विधायक अनूप सिंह, संजू बेदेया, योगेंद्र महतो, मंत्री हफीजुल हसन, सुखदेव प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे.

अलग पहचान



## दुखद : स्कार्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर,मौके पर दो बहनों की हुई मौत



**धनबाद**:बिरसा मुंडा पार्क 8 लाइन के पास सोमवार दोपहर 12:00 बजे अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को जोरदार टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार दोनों बहनों की दर्दनाक मौत हो गई। लगभग 100 मीटर तक स्कूटी घसीटती रही। पकड़े गए स्कॉर्पियो सवार दोनों आरोपित इसमें डीनोबली भूली की कक्षा नौवीं की छात्रा जिया सोरोन होरो की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी बड़ी बहन की भी घटनास्थल पर मौत हो गई। बड़ी बहन का नाम अभी पता नहीं चला है। इधर स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। मौके पर धनबाद थाना की पुलिस पहुंचकर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रोड के बगल के एक दुकान में हिरासत में रखा है। बाहर पब्लिक की भारी भीड़ हो गई है सभी आक्रोशित है।

तीसरी लेन से डिवाइडर फंड कर अनियंत्रित हुआ स्कॉर्पियो

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक मेमको के मोड़ से विनोद बिहारी चौक आ रहे थे। स्कॉर्पियो काफी तेज गति से चल रहा था। तभी स्कार्पियो दो लेन का डिवाइड फंड कर तीसरी लेन में आ गया, सामने स्कूटी चालक दोनों बहनें आ गईं, स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी।

इस घटना मे दोनों बहनों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कॉर्पियो चालक प्रदीप मंडल और राजू मंडल आंशिक रूप से जख्मी हो गए। उनके स्कॉर्पियो का एयरबैग खुल गया। स्कॉर्पियो पलट गया। फिलहाल मामले की छानबीन हो रही है। काफी संख्या में स्कूल के लोग भी आए हैं। दोनों ओर सड़क भारी तरीके से जाम हो गया है।

# अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

### 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी | 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि

धनबाद:लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे। मोहम्मद एकलाक अंसारी, तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो तथा गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार

## धोखरा में मासस की बैठक

बलियापुर : धोखरा स्थित काली मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा सीट से मासस के उम्मीदवार जगदीश रवानी को भारी मतों से जिताने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। 19 मई को धोखरा काली मंदिर में आमसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मासस केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो, देवाशीष पांडेय, जेठू महतो, मदन महतो, श्रीकांत महतो, प्रदीप उपाध्याय, काशीनाथ मंडल, शिवप्रसाद महतो, सुनील महतो, युधिष्ठिर महतो आमोद बावरी आदि थे

## कैंडल जलाकर, रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक





धनबाद ।संध्या धनबाद प्रखण्ड अन्तर्गत मुनीडीह बाजार के इंदिरा चौक में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कैंडल जलाकर एवं रंगोली बनाकर आम नागरिकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत दुबराजडीह एवं बरडुभी के मुखिया रमेश कुमार सिंह तथा मनोज कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुधीर कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रदेव प्रसाद, सहायक शिक्षक राजु कुमार, बूथ संख्या 449 की बीएलओ शीला सिंह, बूथ संख्या 443 की उषा देवी, बूथ संख्या 442 की रेशमी देवी, ग्राम रोजगार सेवक श्री इनायतुल्लाह, जेएसएलपीएस की स्नेह लता भारती के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी मधुसूदन पासवान ने 25 मई को सभी से अपने - अपने मतदान केंद्रों पर जाकर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

# 8 मई से शुरू होगी पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया

धनबाद।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी सुविधा केन्द्र पर सुबह 9:00 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है।

8, 9 एवं 10 मई को निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू लोकसभा क्षेत्र, 13 व 14 मई को चतरा, कोडरमा व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र तथा 27 एवं 28 मई 2024 को राजमहल, दुमका तथा गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के तहत चुनावी कार्य में लगे तथा आवश्यक सेवा में लगे कर्मी मतदान करेंगे। वहीं 14, 15, 16, 17 एवं 18 मई को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज, पुलिस लाइन, जैप 3 गोविंदपुर, रेलवे पुलिस लाइन तथा निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में गिरिडीह, धनबाद, रांची तथा जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के तहत चुनावी कार्य में लगे तथा आवश्यक सेवा में लगे कर्मी मतदान करेंगे।

सिविल सर्जन कार्यालय में 17 एवं 18 मई, 22 एवं 23 मई को गोल्फ ग्राउंड में वाहन चालक, उपचालक, परिवहन कोषांग के कर्मियों के लिए, 24 मई 2024 को आवश्यक सेवा के छुटे कर्मी धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार समिति एवं निरसा पॉलिटेक्निक में पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

## बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर, शिवलिंग की ऊंचाई 8 फीट,29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा*



**जम्मू :-कश्मीर** के अंनतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है।इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी।

यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

यात्रा के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन

यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, यस बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक से ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# गोविंदपुर में नकली कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्री के संचालक पिता-पुत्र को भेजा जेल



**धनबादःगोविंदपुर** थाने की पुलिस ने नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री के संचालक पिता पुत्र को सोमवार को जेल भेज दिया।उनपर केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स बाजार में बेचने का भी आरोप है । पुलिस ने रविवार को बरियो मोड़ स्थित देवकी वस्त्रालय के पीछे छापेमारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए फैक्ट्री संचालक टीटीचापुडी निवासी श्यामपद मंडल और उसके बेटे मनोज मंडल को गिरफ्तार किया । यह जानकारी डीएसपी शंकर कामती व गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने प्रेसवार्ता में दी,उन्होंने बताया कि दोनों बाप-बेटा फैक्ट्री में केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स तैयार कर बाजार में बेचते थे। उनके पास कोल्ड ड्रिंक्स बनाने का लाइसेंस भी नहीं था. इस तरह के कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से लोगों के जीवन पर घातक असर पड़ सकता था।

डीएसपी ने बताया कि ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर की आड़ में कपड़ा दुकान के पीछे इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापेमारी की. वहां से कोल्ड ड्रिंक्स बनाने वाली मशीन भी जब्त की गई है. इसके साथ ही नकली मैंगो फ्रूटी फ्रेशन जूसी (200 एमएल बोतल) की 22 पेटी, फ्रेश फ्रूटी जूस मैंगों बोतलों की दो पेटी, हरा रंग की मैंगो फ्रूटी फ्रेश एंड जूसी की बोतलोकं की तीन पेटी समेत बड़े पैमाने पर रैपर, बोतलें, ढक्कन व अन्य सामग्री जब्त की गई. छापामारी में थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, दारोगा चिंतामन रजक, गुरुदयाल सबर, अमृता खलको, जमादार लक्ष्मी नारायण महतो व अन्य जवान शामिल थे.

## कतरास के फुटपाथ दुकानदारों का धरना जारी, सामान जब्त करने का आरोप



**धनबाद**:कतरास थाना चौक के समीप फुटपाथ पर बनी मनिहारी की 2 झोपड़ीनुमा दुकानों को नगर निगम की टीम ने हटा दिया था । नाराज दुकानदारों का अनिश्चतकालीन धरना सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा ,धरने पर बैठे अमर गोस्वामी, राजकुमार , अशोक व सोनी कुमारी ने बताया कि उनके पुर्वज पिछले करीब 100 वर्षों से वहां दुकानदारी करते आ रहे हैं। इसी दुकान से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है ।निगम ने एक पैसे वाले व्यक्ति के इशारे पर एक तरफा कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को उजाड़ दिया ।दुकानदारों ने आरोप लगाया कि निगम की टीम दुकान से लाखों का सामान भी जब्त कर ले गई ।जब तक प्रशासन ने उन्हें न्याय न,हीं मिलेगा, धरना जारी रहेगा. इधर, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि दुकान से कोई सामान जब्त नहीं किया गया है,केवल कचरे की सफाई की गई है। सामान जब्त करने की बात सरासर गलत है ।

# अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर के टॉप 15 छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न



**केंदुआ।** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन केंदुआ नंबर 4 के अन्तर्गत संचालित अल इकरा कंपेटीटीव सेंटर के वर्ष गांठ के मौके पर प्रतियोगिता परीक्षा के टॉप 15 छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनाब हाजी गुलाम ख्वाजा फाउंडेशन अध्यक्ष थे।हाजी गुलाम ख्वाजा ने अतिथि , फाउंडेशन के सदस्य और टॉप 15 में पास हुए प्रतिभागियों को मैडल, प्रमाण पत्र,सामान्य विज्ञानं की किताब,व् मोमेंटो देकर सम्मानित किए वार्षिक समारोह के मौके पर सभी बच्चो ने वार्षिक त्योहार के जैसे आनंद लिए। हाजी गुलाम ख्वाजा ने जरूरतमंद बच्चों के लिए बहुत ही कम शुल्क में इस अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर को शुरू किए ताकि सभी कोटि और धर्म के लोग इसका लाभ ले सकें।

बहुत से बच्चे ज्यादा शुल्क के वजह से प्रतियोगिता की तैयारी से वंचित हो जाते हैं इसलिए बच्चे यहां तैयारी कर अच्छे से अच्छा नौकरी हासिल कर गांव और देश का नाम रौशन कर सकें।

इस प्रतियोगिता में 123 विद्यार्थीयों ने भाग लिया।उत्तम व्यवस्था देखकर बच्चे जो पुटकी , सिमलबहाल , केंदुआ, भद्रीचक, धनबाद, लोयाबाद, से आए लोगों ने खूब प्रशंशा किए। गुलाम ख्वाजा साहब ने कहा कि अल इकरा में सभी अनुभवी शिक्षकों के द्वारा प्रतियोगिता की तैयारी कराई जाती है जिनका नाम निम्न प्रकार है मास्टर रंजीत,मास्टर रिंकू ऊर्फ अहमद रजा, मास्टर जमील ,मास्टर जसीम,मास्टर जाहिद, मास्टर असलम रजा ।

और आज के इस शुभ अवसर पर एकेडमिक क्लास का उद्घाटन हाजी साहब के द्वारा ही किया गया। फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी जनाब आबिद रजा फैजी ने होस्टिंग के साथ साथ अपने भाषण में बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप अपने गरीब मां बाप के सपनो को पूरा करें मार्ग दर्शन फाउंडेशन करेंगी।यानी आपके कामयाबी के रास्ते में आए रोड़े को हम सब मिलकर हटाएंगे और मंजिल तक पहुंचाएंगे।जो बच्चे सफल होना चाहते है वे इस कंपटेटीव सेंटर में दाखिला ले सकते हैं।

इस सेंटर में 200 प्रवेश शुल्क और 300 रू मासिक शुल्क देकर शिक्षा हासिल कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति दिए गए नंबरों पर संपर्क करें +918271866094 , +917979713349,

आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जनाब हाजी गुलाम ख्वाजा, आबिद रजा फैजी , मो जमील ,गुलाम अहमद रेजा , मुमताज आलम, शमशाद अंसारी,कलामुद्दीन अंसारी, मंजर अली , मनवर आलम,जावेद अफसर, वकार, सनौल, बदरुद्दीन अंसारी आदि ने किए। अतिथि के रूप में डा0 रिजवान अंसारी धनबाद नर्सिंग होम ,हाजी जमीर आरिफ , शहनवाज साहब, और अंजुमन फैजुल इस्लाम केंदुआ नंबर 4 का सराहनीय योगदान रहा।

# पूर्णिया के पूर्व सांसद कोंग्रेस नेता डी. एन. यादव के घर आये, की बैठक!



**निरसा** : निरसा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष डी एन प्रसाद यादव के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय में सोमवार को पूर्णिया बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बैठक किया।

बैठक के दौरान श्री यादव ने कहा कि जब देश की सबसे बडी त्रासदी कोरोना आई उस वक्त आम लोगों को किसकी जरूरत थी। उस वक्त पीएम नही आये गरीबों को सहयोग करने। उस वक्त सिर्फ पूरे देश के लोगों को पप्पू यादव ने मदद करने का काम किया है। सिर्फ पांच किलो अनाज दे देने से देश का भला नही होने वाला। महंगाई के चलते लोग ना सही से पढ पा रहे है ना ही खाना खा पा रहे है। इस पर पीएम क्यों नही विचार करते। आज के समय मे आम जनता को चालीस से एक लाख की आमदनी होनी चाहिए थी। ताकि आम लोग भी अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा, कपडा व मकान दे पाते।

मगर सरकार इस विचार नही कर जात पात की बात कर चुनाव में लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। पीएम के दस साल के कार्यकाल में धनबाद को क्या मिला। आज तक एक भी कारखाने या कोई अन्य संस्थान नही लगे। जिससे कि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। झारखंड गरीब और आदिवासियों का राज्य है।

आज पीएम मोदी कांग्रेस को कोष रहे है। मगर ये इलेक्ट्रॉनिक, एम्स को किसने लाया। मोदी अपनी उपलब्धियों पर बात नही करते बल्कि कांग्रेस को कोष कर जनता को सच्चाई से दूरी बनाए रखते है। दस साल में कोई काम मोदी की सरकार ने नही किया। नोटबंदी में मां बहनों का पैसा मोदी सरकार लेकर पचा गई। क्या हुआ उन पैसो का इसका हिसाब दे। संतोष राय बबलू दास सकलदेव प्रसाद मौजूद शेख अनिल यादव मिथिलेश यादव रविंद्र यादव कल्लू मिया आदि उपस्थित थे

# झूठ बोलकर सत्ता में रहें हैं मोदी, सीएम चंपई सोरेन ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

**बोकारो।** सोमवार को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में बोकारो के पुस्तकालय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुये कहा कि झूठ बोलकर दस वर्ष तक प्रधानमंत्री सत्ता में रहे हैं। अब देश की जनता उन्हें विदा करने वाली है। कहा कि पेट्रोल-डीजल और महंगाई के नाम पर भाजपा केंद्र की सत्ता में आई । सत्ता में आते ही यह मुद्दा समाप्त हो गया। मोदी जी ने जनता को 15-15 लाख देने की वादा किये था। अभी तक जनता को 15 पैसा भी नहीं दिये।

देश का विकास नहीं हुआ विनाश हुआ- सीएम सोरेन



जनता को पांच साल में एक बार मौका मिलता है। केंद्र की सत्ता से मोदी जी को हटाने के लिए जनता चूक जाती है तो फिर पांच साल रोना पडेगा। मोदी सरकार में देश का विकास नहीं विनाश हुआ है। केंद्र सरकार ने झारखंड में ग्यारह लाख राशन कार्ड को रद कर दिया था। हेमंत सरकार ने रद राशन कार्ड को ग्रीन कार्ड बनाकर सभी को राशन देने का काम किया है।

‘मोदी सरकार ने जनता को गरीब बनाने का किया काम’

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के 80 करोड जनता को पांच किलो अनाज देकर गरीब बनाने का काम किया है। कहा कि आदिवासियों की पहचान के लिए सारना धर्म कोड लागू होना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार की ओर भेजे गए प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने रोक दिया। सीएम ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का है। प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी के लिए काम करे। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, बेबी देवी शामिल रहे।

# दूल्हा कौन होगा,अभी तक तय नहीं कर पाये, बाराती निकाल दिये :सुदेश महतो



बोकारो। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि जिस हिसाब से सभा में भीड की उपस्थिति है, उसे देखकर लग रहा है कि नामांकन सभा नहीं यह जीत की सभा है। सुदेश महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने इस प्रदेश के दायित्व को एनडीए के परिपेक्ष्य में 14 की 14 सीट जीत का नारा तय किया है। इस बार 400 पार का उत्साह पूरी जनता में साफ दिखाई दे रहा है। हमारा संकल्प स्पष्ट है कि हम 2047 तक भारत को श्रेष्ठ देश की श्रेणी में शामिल करना चाहते हैं। इसलिए आपका वोट हासिल करना चाहते हैं। इंडी गठबंधन बता दे कि उनका दूल्हा कौन होगा। अभी तक तय नहीं कर पाये और बाराती निकाल दिये।

## डाकमतपत्र से पुलिस/सुरक्षा जवानों ने किया मतदान



प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो में बनाया गया था सुविधा केंद्र

सुविधा केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध थी,सभी मूलभूत सुविधाएं,लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई 2024 पश्चिमी सिंहभूम, खुंटी, लोहरदगा एवं पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इससे संबंधित जिले के पुलिस जवानों/झारखंड शस्त्र पुलिस बल (जेएपीएफ) ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) आदि सुरक्षा बलों ने सोमवार को डाकमतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर 02 सुविधा केन्द्र क्रमशः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो स्थापित किया गया था। जहां जवानों नें पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 05 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

दोनों स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं (शेड/शीतल पेय/पंखा/रौशनी आदि) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दोनों केंद्रों पर कुल 248 मतदाताओं ने मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए। आज पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 72 मतदाता, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 62 मतदाता, खुंटी संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 96 मतदाता एवं पश्चिमी सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 18 मतदाताओं ने मतदान किया।

# पुलिस अफसर पीसीआर में पैसों की ढुलाई कर रहेः बाबूलाल

**बोकारो।** चंद्रप्रकाश चौधरी के नॉमिनेशन के बाद सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप लोगों के समक्ष अपील करने के लिए खडा हूं। नामांकन पत्र को चंद्रप्रकाश चौधरी ने दाखिल कर दिया है। सभी से निवेदन है कि इस बार रिकॉर्ड मतों से जिताना है। पिछले चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी को जितने वोट मिले थे, उससे अधिक मतों से जिताइये। बाबूलाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तभी पूरा होगा, जब देश के प्रधानमंत्री 2024 में भारी मतों से जीतेंगे।

400 पार लक्ष्य है, उतना इस बार हासिल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गावों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। महिलाओं के लिए काम कर रहे हैं।



पिछडों-किसानों के लिए काम कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। इसीलिए इंडी वालों में अधिकांश लोग जेल में हैं, कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है और ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनना चाहते हैं। ये जेएमएवाले, कांग्रेस वालों ने झारखंड में लूट मचायी है। सब कुछ लूटकर बेच दिया। बालू, लोहा, कोयला, गैरमजरुआ जमीन तक का पेपर बना कर के लूटने का काम कर रहे हैं। इन्होंने तो सेना तक की जमीन तक को नहीं छोडा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोमवार को सुबह खबर मिली कि झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से इडी की छापामारी के दौरान 30 करोड नकद मिले हैं।

यह पैसा किसका है। क्या यह लूट का पैसा नहीं है। इनके नौकरों के पास इतना पैसा मिल रहा है, तो इनके आकाओं के पास कितना लूट का पैसा मिलेगा। इनके मंत्रियों और निजी सचिवों के यहां कितना पैसा होगा। इसके बाद भी कांग्रेस और जेएमएम के लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन का क्या कसूर है। अब तो राहुल गांधी भी आने वाले हैं। उन्हें बताना चाहिए कि इतना पैसा उनके नौकर के घर में कैसे मिला। चंपाई सोरेन को मंत्रिमंडल से आलमगीर आलम को बर्खास्त कर देना चाहिए, तब समझा जायेगा कि ये लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाई लड रहे हैं। कहा कि खबर तो यह भी है कि बोकारो से लेकर धनबाद तक, बोकारो से गिरिडीह तक पीसीआर के वैन में ये लोग पैसों की ढुलाई कर रहे हैं। पुलिस के अफसरों को चेतावनी देना चाहता हूं कि किसी भी पीसीआर में या पुलिस द्वारा पैसा पहुंचाया गया और जांच हुई तो एक भी पुलिस अफसर को नहीं छोडा जायेगा।

# झूठ बोलने की मशीन हैं लालू... बोकारो पहुंचे सम्राट चौधरी, कहा-

**बोकारो।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव झूठ बोलने की मशीन हैं। वह बैकवर्ड-फॉरवर्ड करते रहते हैं। इन्होंने अपने 15 वर्ष के शासनकाल में एक भी व्यक्ति को आरक्षण का लाभ नहीं दिया। लालू यादव ने झारखंड (Jharkhand) में चारा लूटने का काम किया। ये बातें बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बोकारो के सेक्टर एक स्थित होटल हंस रिजेंसी में दैनिक जागरण से बातचीत के क्रम में कहीं।कहा कि बिहार में



पहले साठ-चालीस की लड़ाई शुरू हुई। अब अस्सी-बीस की लड़ाई है। अस्सी प्रतिशत लोग हमारे साथ हैं। लालू प्रसाद के पास वोट नहीं है। आज भी बिहार में लोग लालू प्रसाद का नाम सुन कर डर जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्ष में गरीबों, अन्नदाताओं, युवाओं व नारी शक्ति के लिए काम किया।केंद्र सरकार के महंगाई व बेरोजगार से संबंधित मुद्दे से ध्यान भटकाने के सवाल में इन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता संविधान बचाने की बात करते हैं। जबकि दस वर्ष में केंद्र सरकार ने गुड गवर्नेंस दिया।

लालू जी को बताना चाहिए कि वह मुद्दे पर हैं या नहीं। हमलोग ज्ञान के कल्याण की बात करते हैं। हमलोग घर बनाते हैं। bokaro page meशौचालय देते हैं। घर में भोजन तैयार करने के लिए गैस सिलेंडर देते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल को ही शून्य करने की योजना है। सोलर पैनल लगाने की दिशा में काम किया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Modi) की गारंटी आर्थिक व सामाजिक विकास है। आदिवासी व पिछड़ों का सम्मान केंद्र सरकार कर रही है। बिहार में कांग्रेस राजद की पिछलग्गू है। तेजस्वी यादव के पांच लाख नौकरी दिए जाने के सवाल पर इन्होंने कहा कि वह नौकरी देने वाले कौन हैं।

इनके विभाग में एक भी नौकरी नहीं दी गई। इसका मतलब है, वह गलत कह रहे हैं। यह अपराध है। नीतीश कुमार (Nitish Kumar) के नेतृत्व में 2025 तक बिहार में दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। राजद का बिहार में खाता नहीं खुलेगा। इवीएम पर सवाल पर इन्होंने कहा कि हारने पर विपक्ष यही कहता है।

# नाम निर्देशन के अंतिम दिन कुल 16 ने किया नामांकन प्रपत्र दाखिल

बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमल प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष, निर्दलीय प्रत्याशी उषा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी जयराम कुमार महतो के प्रस्तावक कुलदीप राम, आजसू पार्टी प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी, निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कुमारी, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, निर्दलीय प्रत्याशी तुलसी महतो, निर्दलीय प्रत्याशी राजा हक, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी प्रत्याशी नारायण गिरि, निर्दलीय प्रत्याशी उषा सिंह, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी ईमाम सफी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी प्रत्याशी जयराम महतो एवं बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी मो. ऐनूल अंसारी ने नामांकन प्रपत्र किया दाखिल

06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अधिसूचना जारी होने के बाद नाम-निर्देशन के अंतिम दिन सोमवार को कुल 16 उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इसमें चार उम्मीदवारों ने दूसरी बार नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।





जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निर्वाची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि नाम-निर्देशन के अंतिम दिन कुल 16 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिनका नाम निम्न हैः-

- कमल प्रसाद, पिता भोला प्रसाद साहू, ग्राम पोस्ट – बिरनी, पीएस नावाडीह, जिला बोकारो, पार्टी - बहुजन समाज पार्टी। (दूसरी बार)
- मथुरा प्रसाद महतो, पिता स्व. ऋषिकेश महतो, टाटा सिजुआ 06. न. बस्ती, पो. भेलटांड़, पीएस. जोगता, जिला धनबाद, पार्टी - झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)।
- राकेश रोशन घोष, पिता स्व. अनादि नाथ घोष, ग्राम कोयरीडीह, पो. सोनारडीह, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय।
- उषा देवी, पति आशीष कुमार महतो, ग्राम लालडीह, पो. बलियापुर, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय।
- जयराम कुमार महतो, पिता कृष्णा प्रसाद महतो, एच न. 8, ग्राम चितरपुर, पीएस. तोपचांची, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय। (दूसरी बार)- प्रस्तावक कुलदीप राम द्वारा
- चंद्र प्रकाश चौधरी, पिता रीझूनाथ चौधरी, ग्राम सांड़ी, पो. सांड़ी, पीएस – रजरप्पा प्रोजेक्ट, जिला रामगढ़, पार्टी – आजसू।
- पूजा कुमारी, पिता सहदेव महतो, गृह संख्या 81 काली मंदिर, अमलो बस्ती, फुसरो वार्ड संख्या 06, जिला बोकारो,पार्टी – निर्दलीय।
- सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी – सर्व समाज पार्टी। (दूसरी बार)
- तुलसी महतो, स्व. खीरू महतो, ग्राम लक्ष्मीपुर, पीएस/पो. बेंगाबाद, जिला गिरिडीह, पार्टी - निर्दलीय।
- राजा हक, पिता ऐनुल हक, पो. तोपचांची, जिला धनबाद, पार्टी – निर्दलीय।
- नारायण गिरी, पिता भोला गिरी, वार्ड संख्या 09, पं. पपलो जुनौरी, पो. तारानारी, पीएस. नावाडीह पपलो, जिला बोकारो, पार्टी - राष्ट्रीय मजदूर एकता।
- उषा सिंह, स्व. रविन्द्र नाथ सिंह, ग्राम – पो. फुसरो, पीएस. बेरमो, जिला बोकारो, पार्टी – निर्दलीय। (दूसरी बार)
- ज्ञानेश्वर प्रसाद, पिता गंगाधर प्रसाद, ग्राम सोनाटांड, पो. बीएस सिटी, जिला बोकारो, पार्टी -लोकहित अधिकार पार्टी।
- ईमाम सफी, पिता स्व. अलीजान अंसारी, ग्राम हसाद, पो. करमा, पीएस. कसमार, जिला बोकारो, पार्टी – निर्दलीय।
- जयराम महतो, पिता ललिया महतो, ग्राम जितपुर, पीएस हरिहरपुर, जिला धनबाद, पार्टी – ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक।
- मो. ऐनूल अंसारी, पिता मो. जैनुल अंसारी, ग्राम तेतुलिया, पो. भाटडीह, पीएस महुदा, जिला धनबाद, पार्टी – बहुजन मुक्ति पार्टी।

उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

## समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता ने मीडिया कर्मियों के साथ की बैठक, प्रेसवार्ता कर दी लोकसभा चुनाव 2024 की पूरी जानकारी

**साहिबगंज**: राजमहल लोकसभा चुनाव 2024 की तारीख की घोषणा होते ही जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जहां राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में एक जून को वोट डाले जायेंगे। उधर सोमवार को समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए लोकसभा चुनाव की पूरी जानकारी विस्तार से दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सातवें चरण में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना निर्गत करने की तिथि 7 मई को होगा। जहां 14 मई तक नामांकन फाइल किया जा सकेगा व 15 मई को स्क्रूटनी होगी तथा नाम वापसी की तिथि 17 मई है।



वही 1 जून को वोटिंग और 4 जून को मतगणना होगी। आगे अपर समाहर्ता ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 17,02,033 मतदाता हैं। जिसमें साहिबगंज जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 8,60,854 है जिसमें पुरुष की संख्या 4,33,755 व महिला 4,27,094 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 5 है। वही अन्य पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल मतदाता की संख्या 8,41,179 हैं जिनमें पुरुष की संख्या 4,16,158 व महिला 4,25,019 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 2 है। उधर राजमहल लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी चेकपोस्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। वही नामांकन प्रकिया के दौरान 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। वही प्रेस कांफ्रेंस में अपर समाहर्ता ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। वही उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उधर पोलिंग पार्टी का गठन भी रैंडमाइजेशन से होगा जहां निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने नामांकन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दी नामांकन प्रक्रिया की पूरी जानकारी

**साहिबगंज**: समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में सोमवार को एडीसी राज महेश्वरम ने जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक की। जहां बैठक के दौरान एडीसी ने उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के दौरान नाम निर्देशन करने से लेकर अंतिम समय मतगणना तक किए जाने वाले



कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। वही उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन की तारीख 7 मई से शुरू होकर अगले 14 मई तक दिन के 11 बजे से दोपहर के 3 बजे तक आयोजित होगा। वही नाम निर्देशन करने के समय सभी प्रत्याशियों को शपथ पत्र देना होगा एवं क्या क्या दस्तावेज संलग्न करने होंगे इसकी जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन करने से पहले सभी प्रत्याशियों को नाजिर रसीद लेनी होगी जिसके बाद सभी कॉलम को अच्छी तरह से भरकर तय समय सीमा के अंदर जमा करना होगा। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने गोलीकांड के पुराने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज**: नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड में पिछले दिनों गोलीबारी करके दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए छानबीन कर रही थी। जहां इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा गांव से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वही इस गोलीबारी मामले में कुलीपाड़ा निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जबकि मजहर टोला एकरा कॉलोनी निवासी एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ था जहां दोनों का सदर अस्पताल में इलाज करने के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। उधर लंबे समय से फरार चल रहे दोनों आरोपियों की पहचान शोभनपुर भट्ठा निवासी अभय कुमार उर्फ सुधांशु राज पिता शिव कुमार राय एवं अनीश यादव उर्फ भोलू पिता मोहन यादव के रूप में हुई है जिसे जेल भेज दिया गया है।

## हज यात्रा पर जाने वाले 29 यात्रियों का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करते हुए लगाया गया टीका



**साहिबगंज**: जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में सोमवार को हज यात्रा पर जाने वाले 29 यात्रियों की स्वास्थ्य जांच चिकित्सक डॉ. अमित कुमार, एएनएम निखत आरा, नर्गिस, एमपीडब्ल्यू नासिर, राशिद अली, आदित्य व हज कमेटी के साहिबगंज जिला इंचार्ज अनवर अली की देखरेख में किया गया। इस दौरान हज पर जाने वाले सभी हज यात्रियों की बारी बारी से स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें टीका लगाते हुए कई तरह के सलाह चिकित्सक के द्वारा दी गई। इसको लेकर चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले सभी 45 यात्रियों को पोलियो, मेलिंगोपोकल एवं इनफ्लूएंजा का टीका मौके पर दिया गया है। इस मौके पर कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पहाडिया आदिम जनजाति समुदाय के लोग आज भी गंदे पानी पीने को है विवश, विभाग पूरी तरह से मौन

**बोरियो**: प्रखंड क्षेत्र के गाडेमाको गांव जो मोतीपहाडी पंचायत के अंतर्गत आता है इस गांव में पहाडिया आदिम जनजाति समुदाय के लोग निवास करते है। वही इस गांव में लगभग 25 घर है जिसमें करीब 120 परिवार के लोग निवास करते है। वही इस गांव में नल जल योजना के तहत कार्य किया जाना था मगर यहां अब तक सिर्फ व सिर्फ एक बोरिंग ही किया गया है। उधर इसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि जब उनके गांव में बोरिंग किया गया तो वो भी सही तरह नही किया गया जिसके कारण सही ढंग से पानी भी नही आया है। उधर जब वे लोग इस संबंध में कार्य करने वाले ठेकेदार से बात करते है तो उन लोगों से



बोला जाता है की इसी तरह से कार्य करने के लिए बोला गया जहां सही ढंग से कोई बात भी नही करता है। उधर कभी फोन करने पर फोन को बीच में ही काट देता है। वही अगर किसी तरह बात भी होता तो उन लोगों के द्वारा पूछने पर कहा जाता है कि टंकी बनेगा या नहीं तो बोला जाता है कि अभी कोई फंड नही है फंड आने के बाद बनेगा यह बोलकर फोन काट दिया गया। जहां इस गांव के लोग आज भी स्वच्छ पानी पीने के लिए तरसते है। यहाँ पर एक झरना कूप भी है मगर उससे भी अक्सर गंदा पानी निकलता है। वही सभी ग्रामीण इसी गंदे पानी को पीने के लिए विवश है। उधर गंदा पानी पीने से कई तरह की बीमारियों का सामना ग्रामीणों को करना पडता है। उधर ज्यादा उमस भरी गर्मी पड़ने से यह भी कूप सुख जाते हैं। इस मौके पर ग्रामीण मैसा पहाडिया, धर्मा पहाडिया, गणेश, सूरज, चांदू, जबरा पहाडिया, सोमी पहाडिन, चांदी पहाडिन सहित अन्य उपस्थित थे।

## मोती झरना स्थित मोतीनाथ धाम में पसरा कूड़ा कचरों का अंबार, नही है समिति का इस ओर ध्यान

**तालझारी**: तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोती झरना पंचायत स्थित मोतीनाथ धाम शिव मंदिर जिले के दूसरे सबसे बड़े धार्मिक स्थल पर इसका नाम आता है। जहां सावन के महीना में हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु दूरदराज के इलाकों से पुजा अर्चना करने के लिए यहां आते हैं। ऐसे तो प्रत्येक रविवार को भी छुट्टी रहने के कारण बहुत सारे लोग पर्यटक स्थल मोतीनाथ धाम देखने व घूमने के लिए आते हैं मगर सावन के महीने में हर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए 5 रुपए का कूपन कटाकर जाना होता है। साथ ही बहुत ऐसे श्रद्धालु है जो श्रद्धाभाव से वहां दान भी करते हैं। साथ ही वहां



मोती झरना विकास समिति के द्वारा पार्किंग स्टैंड से भी पैसा लिया जाता है परंतु वहां के मोती झरना विकास समिति द्वारा वहां के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां कुछ श्रद्धालु बिहार के फारबिसगंज से आए हुए थे जहां उनकी इच्छा वहां स्नान करने की हुई परंतु पानी के अंदर गंदा देखकर वह कहने लगे क्या यही पर्यटक स्थल मोतीनाथ धाम है यहां तो चारों और कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ है। यहां गंदगी देख उन लोगों को भी अच्छा नहीं लगा और वहां उपस्थित बैठे पुरोहित से उन लोगों ने इसके बारे में भी चर्चा की। वहां पर उपस्थित पुरोहित के द्वारा बताया गया कि बीच बीच में साफ सफाई किया जाता है। उधर मोती झरना शिव मंदिर के आसपास चारों ओर पसरे कुरकुरे, चिप्स व पानी के बोतल इत्यादि के कचरे तैरते नजर आए। उधर जब इस मामले को लेकर मोती झरना विकास समिति के अध्यक्ष से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे बात नहीं हो पाई।

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं खंडोंबाशा के लोग

**पतना**- बरहेट विधानसभा क्षेत्र के पतना प्रखंड के तालझारी पंचायत अंतर्गत ग्राम खंडोबाशा के आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के लोग आज भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। जहां गांव में ना तो एक चापानल है। उधर पहाड़ किनारे एक कुआं है भी तो वो सूखा पड़ा हुआ है। उधर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार तो हम लोगों के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च कर रहा है लेकिन विकास के मामले में हम लोग तक हकीकत में अभी तक विकास नहीं हो पाया और जिसके कारण उनलोगों को पानी पीने के लिए बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ता है। वही गाँव में एक कुआं है जोकि उसमें बहुत गंदा पानी निकलता है और सुबह 4 बजे भोर से ही जाकर लाइन लगाकर



बारी बारी से कुआं से पानी उठाते हैं। उधर कटोरा भर बाल्टी में पानी उठाकर पानी उठता है। वही गंदा पानी पीने से हम आदिम जनजाति के बच्चों को भारी गंभीर बीमारी से झेलना पड़ रहा है जिसके कारण कई बच्चे बीमारी से नष्ट हो चुके हैं। वही अच्छा व समुचित इलाज नहीं हो पाने के कारण इस गंदे पानी को वे लोग लाख कोशिश करते हैं कि कपड़ा से छानकर कर पीएं मगर इस पानी को पीने के बावजूद भी खास करके छोटे बच्चों को गंदा पानी पीने के कारण बच्चों में सप्ताह महीना भर में एक दो बार बीमार हो ही जाता है और उस बीमारी के कारण सही इलाज नहीं होने से वह बच्चा अपना जान गंवा देती है। उधर आदिम जनजाति के समुचित उत्थान के लिए सरकार विशेष करके ध्यान नहीं दे रही है जहां लिखित आवेदन कई बार प्रखंड या जिला में देने के बावजूद भी अभी तक पानी की समस्या का हल नहीं हुआ है इसीलिए इस बार हम ग्रामीणों का कहना है की पानी नहीं तो वोट नहीं। वही इसको लेकर ग्राम प्रधान मैंसा पहाड़िया का कहना है कि इस बार हम लोग पूरी तरह से ठान लिए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में वे लोग वोट नहीं देंगे जब तक पानी का सुविधा उन लोगों को नहीं मिलेगा तब तक वोट नहीं देंगे इसलिए सरकार को अखबार के माध्यम से कहना चाहते हैं कि चुनाव के पहले यहां निवास करने वाले लोगों को पानी का सुविधा होना चाहिए नहीं तो सभी लोग पूरे गांव में कोई भी वोट नहीं देंगे। इस मौके पर मैसा पहाड़िया, सीमन मालतो, शांति पहाड़ीन चांदी पहाड़ीन, सेमी मालतो, सुंदरी मालतो, दुमी मालतो, सुखनी मालतो, मेशा मालतो, छोटा मैसा मालतो, सुंदरा मालतो, बंमरी मालतो, शांति मालतो, फूलो मालतो इन सभी लोगों का कहना है कि बोरिंग के लिए हम लोग दो-दो बार उपायुक्त एवं प्रखंड बिकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिए थे लेकिन किसी प्रकार का कोई सुविधा आज तक नहीं मिला।

### चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित होगी सोशल मीडिया कैंपेन

**मंडरो**: लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान बेहतर एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एवं मतदाताओं के बीच जागरूकता के साथ साथ प्रचार प्रसार को लेकर मंडरो बीडीओ मेधनाथ उरांव की अध्यक्षता सोमवार को बीडीओ कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से सभी विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। उधर बीडीओ ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 7 मई को सुबह 6 से 8 बजे सुबह के बीच निर्धारित फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब, आदि सोशल मीड़िया अभियान ' मैं भी चुनाव राजदूत ' के तहत बैठक हुई। सबसे पहले बीडीओ द्वारा मंडरो ब्लॉक का आईडी खोलकर जानकारी दिया सभी लोग किस प्रकार से इस अभियान में जुट सकते हैं। जिसमें बताया गया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड से प्राप्त निर्देश के तहत



लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से मतदाता जागरुकता हेतु सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग में भी इलेक्शन एंबेसडर संचालित किया जाना है। उधर स्वीप के तहत आयोजित इस सोशल मीडिया महाअभियान में विभिन्न हितधारकों, जैसे विद्यालय के विद्यार्थियों, सोशल मीडिया, मजदूर यूनियन, आम नागरिक, जेएसएलपीएस, आपूर्ति विभाग, प्रखंड कर्मी आदि के सहयोग से मतदाता जागरुकता हेतु आयोजित गतिविधियों की वीडियो, फोटो निर्धारित 7 मई को सुबह 6 से 8 बजे के बीच अपने अपने सोशल मीडिया हैंडल से मैं भी चुनाव राजदूत' के साथ अपलोड करना है। उक्त बैठक में पंचायती राज विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर मिथुन कुमार, आवास विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर ओम कुमार झा, मनरेगा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर आशित कुमार, तापश, संजय, सामाजिक सुरक्षा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर वसीम, जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे।

### भोगनाडीह व छोटा कदमा में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में मतदान करने को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



बरहेट: वर्तमान सांसद सह राजमहल लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में मतदान करने को लेकर तीसरे दिन बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह तथा छोटा कदमा पंचायत के विभिन्न गांव में चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, सचिव मुजिबुर रहमान के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायतों के विभिन्न गावों में बैठक कर राजमहल लोकसभा के इंडिया गठबंधन के तरफ से झामुमो के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन को मज़बूत बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष पुसा टुड्डू, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनिल सोरेन, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मजीद, नूर हुसैन अंसारी, इस्लाम अंसारी, समदा सोरेन सहित दोनों पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, सम्मानित कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध रूप से शराब बेचने वाला होटल संचालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरहेट**: थाना क्षेत्र के बरहेट बोरियो मुख्य सड़क अंतर्गत पंचकठीया बाजार स्थित एक होटल में अवैध रूप से देशी व विदेशी शराब बेचने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही होटल संचालक की पहचान विक्की भगत पंचकठिया बाजार निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह बरहेट पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंचकठीया बाजार स्थित एक



होटल में देशी एवं विदेशी शराब अवैध रूप से बेच रहा है जहां छापेमारी करते हुए बीबीएफबी शक्तिमान देशी शराब 9 पीस 200 एमएल व 10 पीस स्टर्लिंग रिजर्व बी 7, 375 एमएल अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि अवैध रूप से शराब होटल में बेचा जा रहा था, जो अपराध है जहां मौके पर से होटल संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी अभियान में हवलदार राजकुमार यादव व सुनील सोरेन के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने निकाला मतदाता जागरूकता अभियान

**बरहेट**: लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। जहां इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. हेमंत मुर्मू ने की। इस दौरान डाक्टर, सीएचओ, सहिया, बीटीटी व अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने भाग लेते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से रैली निकालकर बरहेट बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इसका समापन



किया गया जहां सभी कर्मियों को मतदाता शपथ पत्र दिलाई गई। वही राजमहल लोकसभा में 1 जून को मतदान होना है जहां मतदान को लेकर सभी लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक मतदान हो, इसकी जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. जियाउर रहमान, पंकज कर्मकार, सीएचओ निकिता रावत के अलावा एएनएम, एमपीडब्ल्यू, केटीएस मौजूद थे।

### बरहरवा व कोटालपोखर थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान में बरामद किए 110 बोतल अवैध शराब, तीन गिरफ्तार भेजा जेल

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

**बरहरवा**: पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में अवैध गतिविविधियों पर छापेमारी अभियान व जाँच अभियान लगातार संचालित की जा रही है। इसी क्रम में बरहरवा एवं कोटालपोखर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जिस दौरान बरहरवा थाना के एएसआई जुमराती




अंसारी व सुदामा सिंह, ज्योति कुमारी ने दल बल के साथ रविवार की रात्रि बरहरवा थाना क्षेत्र के महतापुर ग्राम के एक मकान से छापेमारी कर अवैध शराब बिक्रेता प्रताप घोष पिता रोमन घोष को 40 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसको लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर बरहरवा थाना कांड संख्या 63/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान के नेतृत्व में दलबल के साथ कोटालपोखर थाना के जीवनपुर व ढाटापाडा के दुकान में छापेमारी कर लगभग 70 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ दो शराब विक्रेता प्रकाश घोष एवं काली मिंज को गिरफ्तार किया है। इसको लेकर थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि मामले को लेकर कोटालपोखर थाना कांड संख्या 26/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसित कार्यवाही के तहत दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं बरहरवा व कोटालपोखर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गत्तिविधियों को बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। वही थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार जाँच अभियान व गश्ती संचालित कर रही है।

# परशुराम जयंती महोत्सव 10 मई को, परशुराम खेड़ा परिसर में कार्यक्रम की भव्यता के लिए की बैठक

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** भगवान् परशुराम जयंती पर आयोजित होने वाले समारोह के लिए अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा बैठक आयोजित की गई। समारोह में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।



नगर के वात्सायन पैलेस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि, जिला कार्यकारिणी द्वारा जिलाधिकारी, एसडीएम बडौत, खेकड़ा व बागपत, प्रबंधक सहकारी शुगर मिल बागपत आदि को निष्पक्षतापुर्ण लोकसभा चुनाव कराने में उत्कृष्ट कार्य के लिए फूल व शाल भेट कर सम्मानित किया गया व अक्षय तृतीया 10 मई को परशुराम खेड़ा मंदिर पर होने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह में आमंत्रित किया गया। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष बागपत रवि दत्त शर्मा व अध्यक्षता पं राजपाल शर्मा द्वारा की गई ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम शर्मा डॉ सुरेश चंद्र कौशिक पं राजपाल शर्मा आदि वक्ताओं ने भगवान परशुराम मंदिर पुरा महादेव में होने वाले परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज के अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने का आह्वान किया।महंत स्वामी सुरेशानंद वाल्मीकि आश्रम बालैनी , महामंडलेश्वर स्वामी श्री 1008 डॉ स्वामी अनंतेश्वर गिरी जी महाराज , महंत देव मुनि जी महाराज परशुराम खेड़ा, गुड्डू पंडित तेडा,पं शिवकुमार तेडा, जगदीश प्रसाद रंछाड़, राममेहर शर्मा बडोली अरुण तितरोदा, बृजमोहन शर्मा बड़ौत, योगेश शर्मा गाधी उपाध्यक्ष, अशोक शर्मा गाधी ,महिला जिलाध्यक्ष रेखा शर्मा ,सतपाल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बागपत, संजय शर्मा मंडल अध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा, मंगलसेन सराय आदि भी उपस्थित रहे।

# चौ अजित सिंह की बुलंद आवाज़ और कलम ने हमेशा किसान, कमेरों और मजदूरों का भला किया: रामपाल धामा

**••रालोद के संस्थापक स्व चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन, पुष्पांजलि व गोष्ठी संपन्न**

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** किसानों की बुलंद आवाज तथा राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर रालोद कार्यालय पर हवन पूजा कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



जीवन पर्यंत किसानों के हितचिंतक व नीति निर्माण में अग्रणी रहे स्व चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हवन में सैकड़ों अनुयायियों ने आहुतियां दी तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने स्व चौ अजित सिंह द्वारा किए गए किसान हित के लिए किए गए कार्यों को गिनाया।

विधायक डा अजय कुमार ने कहा कि, चौधरी अजित सिंह सादा जीवन व हंसमुख स्वभाव के धनी थे। उन्होंने किसानो की बेहतरी के लिये अनगिनत काम किये ,साथ ही भाईचारा बढ़ाने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने कहा कि, चौ अजीत सिंह जी की कलम में जब भी ताकत आई, तो उन्होंने किसान, कमेरो व मजदूरो के लिए कलम चलाई।इस अवसर पर सुखवीर सिह गठीना डा अजय तोमर ने भी विचार व्यक्त किये ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुभाष गुर्जर प्रमुख, राहुल धामा कुलदीप उज्ज्वल राजू तोमर सिरसली सतेन्द्र मलिक विश्वास चौधरी विकास बाछौड श्रीकान्त धामा सन्तरा देवी ओमवीर तोमर कुलवीर राठी अमित जैन ओमवीर ढाका नरेश त्यागी विनोद सिंह नीरज पंडित शकील अहमद अजहर खान सुभाष नैन सत्यवीर ऋषिपाल ठेकेदार सचिन पंडित आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर चौ अजित सिंह को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि ,बताया किसानो का सच्चा हितैषी



**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** क्षेत्र के जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को शिक्षक शिक्षिकाओं व समाज के गणमान्यों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान स्कूल प्रबंधक डा अनिल आर्य ने कहा कि, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ अजित सिंह ने पूरा जीवन किसान मजदूरों के हकों की लडाई लडी।केंद्र सरकार में उद्योग मंत्री रहते चीनी मिल स्थापना की दूरी की नीति बदलकर औद्योगिक घरानों को लाइसेंस दिए और चीनी मिलें स्थापित कराई, जिस कारण प्रदेश का गन्ना किसान खुशहाल है। निदेशक डा सुनील आर्य, प्रधानाचार्य डा राजीव खोखर, ऋषिपाल सिंह, कुणाल आर्य, अश्वनी तोमर, कपिल तोमर, गुड़िया खोखर, नितिन जैन, जितेंद्र आर्य, चन्द्रवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर रंछाड गांव में भी रालोद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवेंद्र प्रधान, रविंद्र हट्टी, सुधीर तोमर, जयकुमार, आनंद तोमर, कृष्णपाल भूप, विनोद तोमर आदि मौजूद रहे।

# गणिनी आर्यिका माता सरस्वती के सानिध्य में पहला रक्तदान शिविर व निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप संपन्न

## ••38 ने किया रक्तदान तथा 39 का होगा निशुल्क मोतियाबिंद आप्रेशन

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**खेकड़ा।** गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के आह्वान पर आयोजित पहले नेत्र चिकित्सा व रक्तदान शिविर में बने रिकॉर्ड। जहां निशुल्क सेवा देने के लिए श्रद्धालु संस्था आगे आई वहीं रक्तदाताओं ने भी बढ चढ कर रक्तदान किया और माता जी का आशीर्वाद लिया।



फॉर्म ऑफ़ ग्लोबल कल्चर एंड एनवायरमेंट यानि एफजीसीई संस्था द्वारा श्री 105 सरस्वती भूषण माताजी के सानिध्य में धरणेंद्र पद्मावती धाम में आंखों की चिकित्सा और आपरेशन हेतु निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। दोनों ही कैंपों में अपनी सेवा देने व चिकित्सा हेतु आने वाले बडी संख्या में आए। शिविर का उद्घाटन जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह व नगर पालिका परिषद् की अध्यक्षा नीलम धामा ने कहा कि, रक्तदान को महादान की श्रेणी में माना जाता है, लोगों की भावना और गणिनी माता सरस्वती जी का आह्वान व आशीर्वाद फलीभूत होते देख मन प्रसन्न है।

इस अवसर पर समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि, सेवा और दान का मौका जन्म जन्मांतर के पुण्यों से तथा गणिनी माता सरस्वती के तप प्रभाव व आशीर्वाद से ही संभव होता है।इस मौके पर मुकेश जैन, रीता जैन,विशाल जैन, उमेश शर्मा ,जनेश्वर दयाल जैन, त्रिलोक जैन बडागांव तीर्थ, शिखर चंद जैन, अंकुश जैन, नरेश जैन आदि ने रक्तदाताओं व नेत्रों की जांच के लिए आए लोगों के लिए व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। शिविर की उल्लेखनीय बात यह रही कि, गणिनी माता सरस्वती का आशीर्वाद हर किसी को मिलता रहा।

# जैन ज्योति मिलन का स्थापना दिवस समारोह, डॉ सोनल सहित श्रेष्ठ कार्यों के लिए कई प्रतिभाएं सम्मानित




**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** समाजसेवी संस्था जैन ज्योति मिलन का स्थापना दिवस समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। वहीं श्रेष्ठ कार्य करने वाली वीरांगनाएं भी सम्मानित की गई।

कस्बे के भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के सभागार सोमवार को जैन ज्योति मिलन का 24 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रारम्भ महावीर वंदना से हुआ। वीरांगना बीना जैन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्था के समाजसेवा कार्यो को बताया।

मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय संयोजक जनेश्वर दयाल जैन ने भारतीय जैन मिलन की सभी शाखाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर जैन इंटर कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेश जैन व मैनेजर शरद जैन ने गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए यथासम्भव मदद का आश्वासन दिया।समारोह में बेहतर कार्य करने वाली वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। धार्मिक तम्बोला गेम खेला गया, जिसमें उर्मिला जैन, मंजु जैन, रेशु जैन, शिरोमणी जैन, नीतू जैन, स्वाति जैन विजेता बनी। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन, मंत्री सुमेर चंद, वीरेन्द्र जैन, डा सोनल आदि अतिथियों ने वीरांगनाओं के सामूहिक रूप से बनाया भोजन ग्रहण किया। अध्यक्ष नीतू जैन, मंत्री जया जैन, मधु, प्राची, संगीता, इन्द्रा, बीना,मोना, ऊषा सुमन, अनुराधा, रेनू, रेखा आदि शामिल रही।

**अक्षय तृतीय पर गन्ने का रस वितरण करेगी संस्था**

जैन ज्योति मिलन के तत्वाधान में आगामी अक्षय तृतीय पर 10 मई को स्टाल लगाकर आमजन को गन्ने के रस का वितरण होगा। इसी दिन चयनित गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षण सामग्री दी जाएगी।

# तीसरी पुण्य तिथि पर चौ अजित सिंह को किया नमन

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** रालोद कार्यकर्ताओं ने सोमवार को किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ अजित सिंह की तीसरी पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए । रालोद के जिलाध्यक्ष रहे डॉ जगपाल तेवतिया ने चौ अजित सिंह को किसान मजदूरों की बुलंद आवाज बताया।



कस्बे के रालोद कार्यालय पर सोमवार को कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने किसानों के रहनुमा रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की तीसरी पुण्य तिथि पर उनको याद किया। रालोद किसान मोर्चे के पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह सभासद ने कहा कि, वे किसान मजदूरों की बुलंद आवाज थे। कहा कि, देश की राजनीति में बेदाग छवि के नेता रहे तथा आजीवन अपने आदर्शो पर कायम रहे। माफियाओं से दूरी बनाकर रखी। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

उधर सांकरौद गांव में भी चौधरी अजित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजसेवी देवेन्द्र धामा, गजेन्द्र, ओमवीर, बिल्लू, आकाश, रविन्द्र लम्बरदार आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों की मांग पर चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर खेड़ा व हटाना गांव में प्रतिवर्ष होगा सचल यज्ञ : विनोद खेड़ा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** कोरोना की चपेट में असमय मौत को गले लगाने वाले चौ अजित सिंह किसानों व मजदूरों के हृदय में रचे बसे हैं। तीसरी पुण्यतिथि पर जगह जगह हुए श्रद्धांजलि, हवन व गोष्ठियों में उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके कार्यों को बताया गया।



इस दौरान एक वाकया ऐसा भी हुआ कि,श्रद्धांजलि व हवन कार्यक्रम संपन्न कर पुष्पांजलि कर जैसे ही कार्यक्रम की इतिश्री की जाने लगी, वैसे ही ग्रामीणों की मांग पर ट्रेक्टर ट्राली में हवन कुंड रखकर दो गांवों में हजारों किसान व मजदूरों के परिवारों ने भी मंत्रोच्चार के मध्य स्वाहा आहुति देकर अपने प्रिय नेता चौ अजित सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान खेड़ा व हटाना गांवों में चौ अजित सिंह के अनुयायी आहुतियां देने वालों में महिला, युवा व वृद्ध भी शामिल रहे। विनोद खेड़ा, ओमप्रकाश चौ याद राम जगबीर महीपाल मैनेजर रामपाल राकेश, बिजेंद्र दीपक आदि ने चालित यज्ञ की व्यवस्था बनाई तथा ग्रामीणों की इच्छा पर चौ अजित सिंह की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष सचल यज्ञ का संकल्प लिया गया।

# एमएलसी दिनेश गोयल की विधायक निधि से तैयार एम्बुलेंस के लोकार्पण में आचार संहिता आडे आई

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत।** विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल की विधायक निधि से लायंस क्लब द्वारा खरीदी गई एक एम्बुलेंस को लोकार्पण के लिए अभी करना होगा 4 जून तक का इंतजार। आचार संहिता हटने के बाद ही हो सकेगा समारोह पूर्वक लोकार्पण।



बता दें कि, विधायक दिनेश गोयल द्वारा अग्रवाल मंडी टटीरी के लायंस क्लब को एम्बुलेंस खरीदने के लिए आचार संहिता लागू होने से पूर्व धनराशि स्वीकृत की थी, जिसकी विभागीय लंबी प्रक्रिया के चलते अब एम्बुलेंस तो आ गई, किंतु लोकार्पण में आचार संहिता आडे आ गई है।

लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सी 1 की आमसभा की बैठक में क्लब के संस्थापक एमजेएफ ला अभिमन्यु गुप्ता ने जानकारी बताया कि, क्लब को विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल द्वारा आचार संहिता से पूर्व एम्बुलेंस के लिए अपनी निधि से धनराशि निर्गत कराई थी, जिसे लायंस क्लब ने तैयार कर कर मंगा लिया है , लेकिन इसका लोकार्पण 4 जून के बाद ही हो सकेगा।

बताया कि ,एम्बुलेंस के लोकार्पण के लिए एमएलसी दिनेश गोयल को आमंत्रित किया जाएगा ।कहा कि, एंबुलेंस के लोकार्पण के बाद अग्रवाल मंडी एवं उसके आसपास के गांवों को एक बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अनेक जीवन रक्षक सुविधा उपलब्ध हैं।

बैठक में एंबुलेंस के रखरखाव के लिए एक उप समिति का गठन किया गया है, जिसमें एमजेएफ ला पंकज गुप्ता एमजेएफ ला अभिमन्यु गुप्ता ला अजय मित्तल लायन प्रमोद जैन लायन डॉक्टर रामलाल को नियुक्त किया गया है।

बैठक में ला राजीव बेल सभासद ने मृतक शरीर को रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्व समिति से स्वीकार किया गया । बैठक में अंतिम यात्रा वाहन (शव वाहन ) की आवश्यकता पर भी विचार किया गया । साथ ही विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 8 मई को होने वाले रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक सदस्यों को सहभागी होने के लिए प्रेरित किया गया।सचिव एमजेएफ ला पंकज गुप्ता के संचालन में हुई बैठक में रीजन चेयरमैन ला दीपक गोयल जॉन चेयरपर्सन लायन संदीप अग्रवाल ने भी विचार रखें। बैठक की अध्यक्षता लायन धीरज अग्रवाल ने की तथा वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या ला डॉ कमला अग्रवाल ला संतोष गुप्ता ला अंशुल जैन ला डॉ हर्षित गोयल आदि मौजूद रहे तथा एंबुलेंस का स्वागत किया।

# बाइक चोरी की एक घटना के खुलासे के साथ ही 4 अन्य बाइकें भी बरामद, तीन गिरफ्तार

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** थाना कोतवाली पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे व उनकी निशानदेही पर चोरी की हुई 5 मोटर साइकिल सहित 3 अवैध तमंचे व 4 जिन्दा कारतूस भी हुए बरामद।



थाना कोतवाली पुलिस को उस समय बडी सफलता मिली जब अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान के तहत एसआई कृपेंद्र सिंह, विकास कुमार व नकुल राठी आदि की संयुक्त टीम द्वारा तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की 5 बाइकें बरामद की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्तों से तीन तमंचे व कारतूस भी बरामद किये हैं।

बता दें कि, गत फरवरी माह में सिसाना गाँव के मनोज कुमार पुत्र किरण सिंह की बाइक चोरी हो गई थी। तभी से पुलिस उसकी तलाश और चोरों का पता लगाने के लिए मशक्कत कर रही थी। चोरी की एक घटना के खुलासे को लक्ष्य बनाकर सतत् प्रयास उस समय सफल हो गये जब मनोज कुमार की बाइक समेत चार अन्य चोरी की बाइकें भी बरामद की गई। इनमें तीन बाइकें बिना नंबर प्लेट नहीं थी।

पकड़े गए अभियुक्त आकाश पुत्र रवींद्र दुडभा , इरशाद पुत्र दिलशाद गढी नई बस्ती खेकड़ा तथा सौरभ पुत्र विजयपाल अहेडा के हवाले से पुलिस ने बताया कि, तीनों शातिर वाहन चोर, चोरी की घटना को अंजाम देकर कम दाम में बेचने का धंधा कर रहे थे।

# साहूकार ने मांगे 4 हजार के 57 हजार रुपये,दस वर्ष पहले उधार लिए थे ₹ 4 हजार, मिली धमकी

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा ।** कस्बे के एक साहुकार ने दस वर्ष पूर्व एक जरूरतमंद को चार हजार रुपये उधार दिए थे। जिसे वह लौटा नही पाया। अब साहूकार ने ब्याज सहित रकम 57 हजार रूपये देने तथा न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीडित ने कोतवाली में शिकायत की है।



कस्बे की कांशीराम कालोनी में गोविंद परिवार के साथ रहता है। उसने कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी को बताया कि, दस वर्ष पूर्व उसने कस्बे के एक ब्याज पर पैसा देने वाले साहूकार से चार हजार रुपये उधार लिए थे, जो वह लौटा नही पाया।बताया कि, रविवार को साहूकार अन्य दबंग साथियों को ले आया और अभद्रता करते हुए कहा कि ,चार हजार रुपये के ब्याज सहित 57 हजार हो चुके हैं , यदि नहीं दिए ,तो जान से मार दूंगा। पीडित ने बताया कि, कुछ समय बाद वह फिर उसके मकान पर आया, तब उसकी पत्नी घर में अकेली थी, उसके साथ अभद्रता की और धमकी को दोहराया।कोतवाली प्रभारी राजबीर चौहान ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ठेके पर खाद के गड्ढे खोदने के बाद मिले चैक हुए बाउंस, भुगतान के लिए श्रमिक को काटने रहा है चक्कर

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** ठेके व मजदूरी पर गांव में खाद के गड्ढे खुदवाए। मजदूरी के नाम पर दिए चैक हुए बाउंस। अब काटने पड रहे हैं प्रधान पति के चक्कर। थाने से कोई सहायता न मिलने पर एसपी आफिस पहुंचा पीड़ित श्रमिक। शिकायती पत्र देकर शीघ्र भुगतान कराने की जताई इच्छा। बालैनी क्षेत्र के मविकला गाँव मे ग्राम पंचायत के कार्य में मजदूरी करने वाले युवक ने ग्राम प्रधान पति पर आरोप लगाया कि ,उसकी मजदूरी का पैसा नही दिया गया है। वह जब पैसे मांगने पहुँचा, तो प्रधानपति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

बिनोली थाने के पिचोकरा गांव निवासी विकास कुमार ने बताया कि, मविकला गाँव के प्रधानपति ने उसे गाँव मे खाद के गड्ढे खोदने के लिये ठेके व मजदूरी पर कार्य कराया था। उसका ठेका 1 लाख 22 हजार में हुआ था। इस दौरान उसने गाँव मे 6 खाद के गड्ढे और शोकपिट का कार्य किया था।उसे दो चेक दिए गए जो बाउंस हो गए। पैसे मांगने ग्राम प्रधान के यहां पहुँचा, तो प्रधानपति और उसके भाई इंद्र ने उसे हथियार दिखाकर धमकाया और कहा कि, तूने गांव में बता दिया है। आरोप लगाया कि ,प्रधानपति पेमेंट नही कर रहा है और कह रहा है कि, अब पैसे नही मिलेगें । पीडित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।बदनाम करने की साजिश : सुरेंद्र दूसरी ओर इस बारे ने प्रधान पति सुरेंद्र का कहना है कि , सारे आरोप गलत हैं। चैक गाँव का सचिव देता है , मैं कैसे दे सकता हूं।यह मुझे बदनाम करने की साजिश की जा रही है।